# Daily Current Affairs

Date : 16 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | शेखावाटी विरासत संरक्षण संवाद |
| 2. | 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' - कृषक उपहार योजना में शामिल |
| 3. | 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' - कृषक उपहार योजना में शामिल |
| 4. | आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना (पायलट प्रोजेक्ट) |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता<br>2. प्रदेश में मिट्टी की मैपिंग<br>3. "स्वच्छता ही सेवा अभियान"<br>4. अंगदान अभियान – जीवांजली<br>5. अंकित शर्मा<br>6. जयपुर से फ्लिक्सबस का संचालन |
| 6. | भारत का पहला 'बांस आधारित बायो-एथेनॉल संयंत्र' |
| 7. | पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र |
| 8. | आन्द्रोत (Androth) |
| 9. | विकसित कृषि संकल्प अभियान 2.0 |
| 10. | राष्ट्रीय सम्मेलन कॉर्प-कॉन, 2025 |
| 11. | स्कारबोरो शोल (Scarborough Shoal) |
| 12. | ग्रे राइनो परिघटना |
| 13. | डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट : DSC A22 (यार्ड 327) |
| 14. | सुकन्या समृद्धि योजना |
| 15. | डॉ. भूपेन हजारिका (1926-2011) |
| 16. | राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, 2025 |
| 17. | हिंदी पखवाड़ा |
| 18. | वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 2025 |
| 19. | FIDE महिला ग्रैंड स्विस चेस टूर्नामेंट, 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## शेखावाटी विरासत संरक्षण संवाद

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मुख्यमंत्री ने 'शेखावाटी विरासत संरक्षण संवाद कार्यक्रम' में हिस्सा लिया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** जयपुर।
- राज्य सरकार द्वारा शेखावाटी क्षेत्र में पर्यटन के माध्यम से रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास के लिए वर्ष 2025-26 बजट में 'शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना' की घोषणा की गई।
- इस योजना के अंतर्गत झुंझुनू, सीकर और चूरू में अब तक 662 ऐतिहासिक हवेलियों को चिह्नित किया जा चुका है।
- इन हवेलियों को हेरिटेज वॉक, सांस्कृतिक केंद्र, आर्ट गैलरी, होमस्टे और टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान की प्रमुख हवेलियाँ:

**जोधपुर:**

- **पुष्प हवेली :** निर्माण - महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय के शिल्पी रघुनाथमल जोशी/भुरजी जोशी द्वारा।
- यह विश्व की एकमात्र हवेली है, जिसका निर्माण एक ही नक्षत्र 'पुष्य नक्षत्र' में किया गया।
- **अन्य हवेलियाँ :** पास हवेली, बड़े मियां की हवेली, राखी हवेली, लाल चन्द ढड्डा की हवेली, पोकरण की हवेली, पच्चीसा हवेली।

**जैसलमेर:**

- **पटवों की हवेली :** निर्माण - 18वीं सदी के उतरार्द्ध में जैसलमेर के व्यवसायी गुमानचंद पटुआ के 5 पुत्रों द्वारा।
- यह पांच मंजिला हवेली है, जिसकी पहली मंजिल की आकृति जहाज के समान है तथा दूसरी मंजिल आयताकार है। वहीं इसकी पांचवी मंजिल पर स्वतंत्र रथ आकार के जालीयुक्त झरोखे है।
- **नथमल की हवेली :** निर्माण – 1881 से 1885 के बीच दो सगे भाइयों हाथी तथा लालू द्वारा।
- यह हवेली पाँच मंजिली पीले पत्थर से निर्मित है।
- **सालिमसिंह की हवेली :** निर्माण - जैसलमेर प्रधानमंत्री सालिम सिंह मेहता द्वारा वर्ष 1815 में।
- यह हवेली जैसलमेर की सबसे ऊंची इमारत है।

**बीकानेर :**

- कोठरी की हवेली, रामपुरिया की हवेली, मोहता की हवेली, डागा की हवेली, बच्छावतों की हवेली आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**बिसाऊ (झुंझुनू) :**

- सेठ हीरालाल बनारसीलाल की हवेली, सीताराम सिगतिया की हवेली, नाथूराम पोद्दार की हवेली, जयदयाल केडिया की हवेली आदि।

**मण्डावा (झुंझुनू) :**

- सागरमल लडिया, रामदेव चौखाणी, रामनाथ गोयनका की हवेली, मोहनलाल नेवटिया, हरिप्रसाद ढंढारिया की हवेली, बुधमल की हवेली, विश्वनाथ गोयनका की हवेली तथा सर्राफों की हवेली।

**नवलगढ़ की हवेली (झुंझुनू) :**

- सोने की चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध है।
- इसको शेखावाटी की स्वर्ण नगरी भी कहा जाता है।
- **भगतों की हवेली** - सबसे विशाल हवेली।
- **अन्य हवेलियाँ :** पोद्दार और भगेरिया रूप निवास।

**डूंडलोद (झुंझुनू) :**

- सेठ लाल चंद गोयनका की हवेली।

**मुकुंदगढ़ (झुंझुनू) :**

- सेठ राधाकृष्ण की हवेली, केसर देव कानोड़ियाँ की हवेलियाँ।

**चूरू :**

- गोयनका की हवेली, सुराणा की हवेली, दानचंद चौपड़ा की हवेली, मालजी का कमरा, रामविलास, कन्हैयालाल बागला की हवेली।

**चिड़ावा (झुंझुनू) :**

- बागड़िया व डालमिया की हवेली, महनसर (सोने-चांदी की हवेली)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**श्री माधोपुर (सीकर) :**

- **पंसारी की हवेली।**

**फतेहपुर (सीकर) :**

- **नेमीचंद्र चौधरी की हवेली, नंदलाल देवड़ा की हवेली, सिंघानिया की हवेली, गोयनका की हवेली, सहजाराम पोद्दार की हवेली।**

**कोटा :**

- **झाला जी की हवेली (जालिम सिंह द्वारा निर्मित)**
- **देवता जी की हवेली।**

**जयपुर :**

- **नाटाणियों की हवेली, रत्नाकार पुण्डरीक की हवेली, पुरोहित प्रतापनारायण जी की हवेली, प्यारे मियां की हवेली, सलीम मंजिल हवेली।**

**उदयपुर :**

- **बागौर की हवेली (निर्माण - अमर चंद बड़वा द्वारा। यहाँ पर विश्व की सबसे बड़ी पगड़ी रखी हुई है)**
- **अन्य हवेलियाँ : मोहन सिंह की हवेली, बाफना की हवेली, पिपलिया की हवेली आदि।**


UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' - कृषक उपहार योजना में शामिल

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' को 'कृषक उपहार योजना' में शामिल करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

## मुख्य बिन्दु:

- 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' को 'कृषक उपहार योजना में शामिल' किए जाने से कृषि उपज मंडी समितियों में ई-भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।
- इस निर्णय से जो व्यापारी ई-नाम के माध्यम से भुगतान करते हैं, उन्हें लॉटरी के माध्यम से नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- नोट : राज्य सरकार द्वारा सिरोही में फल-सब्जी मंडी यार्ड की स्थापना की जाएगी।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### कृषक उपहार योजना:

- कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज को ई-नाम (E- National Agriculture Market) के माध्यम से बेचने तथा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए किसानों को प्रेरित करने एवं उनकी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से 'कृषक उपहार योजना' संचालित की जा रही है।
- योजना में विजेता किसान को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है। मण्डी इस राशि का पुनर्भरण राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से लेती है।
- योजना के तहत मण्डी स्तर पर, खण्ड स्तर पर और राज्य स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।
- ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) एक ऑनलाइन व्यापारिक मंच है, जिसका उद्देश्य किसानों, व्यापारियों और खरीदारों को ऑनलाइन व्यापार करने में मदद करना और बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए सुगम विपणन प्रदान करना है।
- स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिजनेस कंसोर्टियम (SFAC) ई-नाम को लागू करने के लिए मुख्य एजेंसी है, जो भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान में करौली अव्वल

## चर्चा में क्यों?

- 15 सितंबर, 2025 को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE), झालाना (जयपुर) में सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान का समापन हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

- इस अभियान के दौरान प्रदेश के 1097 स्कूल व कॉलेजों के 4,18,345 छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। यह अभियान 'सबसे बड़े युवा नेतृत्वित सड़क सुरक्षा अभियान' के रूप में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हुआ।
- **प्रथम स्थान :** करौली (112 संस्थानों के 41031 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण)
- **दूसरा स्थान :** सीकर।
- **तीसरा स्थान :** डूँगरपुर।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **आयोजन :** सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में।
- **अवधि :** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 15 सितंबर, 2025 तक किया गया।
- **मुख्य उद्देश्य :** चयनित शहरों में 7 किमी. की शहरी सड़क को सुरक्षित सड़क मार्ग के रूप में विकसित करना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना (पायलट प्रोजेक्ट)

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान के प्रत्येक जिले में पांच पंचायतों में 210 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों द्वारा 'आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना' को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

- **प्रोजेक्ट का उद्देश्य :** स्वास्थ्य सेवाओं में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन करना।
- **संबंधित विभाग :** आयुष विभाग, राजस्थान।
- योजना को सफल बनाने के लिए पंचायती राज विभाग, आयुष विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग शिक्षा, विभाग सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं वन विभाग अंतर विभागीय समन्वय करेंगे।
- जिला स्तर, ब्लॉक स्तर पर भी समितियाँ गठित की जाएंगी, योजना के तहत 18 सूचकांक (इण्डिकेटर) तय किये गए हैं, जिन्हे पूरा करने वाली ग्राम पंचायत को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन के रूप में 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता**<br>▪ अक्टूबर, 2025 में हनुमानगढ़ में 'राजस्थान रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा।<br>▪ **वर्ग :** स्टेट सीनियर, जूनियर और सब जूनियर वर्ग की रोड और माउंटेन बाइक चैंपियनशिप। |
| 2. | **प्रदेश में मिट्टी की मैपिंग**<br>▪ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत संचालित 'नेशनल सॉइल मैपिंग कार्यक्रम (NSMP)' के तहत राजस्थान में स्टेट रिमोट सेंसिंग सेंटर (SRSC) द्वारा मिट्टी की मैपिंग की जाएगी।<br>▪ मिट्टी की मैपिंग के तहत राज्य के कुल 12 जिलों में सॉइल मैपिंग की जाएगी। शुरुआती चरण में 3 जिलों; टोंक, अजमेर और कोटा में मैपिंग की जाएगी। |
| 3. | **"स्वच्छता ही सेवा अभियान"**<br>▪ राजस्थान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक "स्वच्छता ही सेवा अभियान" का आयोजन किया जाएगा।<br>▪ **अभियान का उद्देश्य :** स्वच्छ भारत मिशन को और अधिक सशक्त बनाना, आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाना। |
| 4. | **अंगदान अभियान – जीवांजली**<br>▪ राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा आबू रोड में 'सच बेधड़क मीडिया समूह' द्वारा आयोजित अंगदान अभियान जीवांजली का शुभारम्भ किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **अंकित शर्मा**<br>■ हाल ही में, राजस्थान के अंकित शर्मा को केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत युवा आइकन के रूप में नियुक्त किया गया।<br>■ अंकित को 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम 2025-26' में युवाओं को प्रेरित करने, राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और नेतृत्व कौशल विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। |
| 6. | **जयपुर से फ्लिक्सबस का संचालन**<br>■ उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने 10 सितंबर, 2025 को अल्बर्ट हॉल, जयपुर से फ्लिक्सबस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।<br>■ फ्लिक्सबस विशेष बसों के द्वारा विरासत-थीम पर तैयार राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों और उनसे जुड़ी कहानियों को यात्रियों तक पहुँचाएगी। इन बसों की ब्रांडिंग में राजस्थान की धरोहर और गाथाओं की झलक देखने को मिलेगी।<br>■ यूके में ये सेवा लंदन-कैम्ब्रिज रूट पर और भारत में देहरादून-हरिद्वार-दिल्ली-जयपुर जैसे मार्गों पर प्रतिदिन चलेगी। |

CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत का पहला 'बांस आधारित बायो-एथेनॉल संयंत्र'

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गोलाघाट जिले में भारत के पहले बांस आधारित बायो-एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया।



### मुख्य बिन्दु:

- यह संयंत्र नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) और फिनलैंड की फोर्टम एंड चेमपोलिस का संयुक्त उद्यम है।
- बांस बायो-एथेनॉल के उत्पादन के लिए एक आकर्षक फीडस्टॉक/ कच्चा माल है। क्योंकि यह एक गैर-खाद्य फसल है और इसमें लिग्नो सेल्यूलोज की उच्च मात्रा होती है। इसलिए, यह दूसरी पीढ़ी के जैव ईंधन के उत्पादन के लिए आकर्षक स्रोत बन जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### बायो-एथेनॉल के बारे में

- बायो-एथेनॉल खाद्य फसलों और कृषि अपशिष्ट जैसे नवीकरणीय जैविक स्रोतों से उत्पादित एथेनॉल है।
- एथेनॉल एक पारदर्शी रंगहीन तरल होता है। यह जैव-निम्नीकरणीय ता बायोडिग्रेडेबल होता है तथा जलने पर कार्बन डाइऑक्साइड और जल उत्पन्न करता है।

### बायो-एथेनॉल को बढ़ावा देने वाली भारत द्वारा शुरू की गई पहलें

- राष्ट्रीय जैव ईंधन, 2018
- BioE3 नीति
- भारत में एथेनॉल मिश्रण का रोडमैप
- प्रधान मंत्री जीवन (JIVAN) योजना

### बायो-एथेनॉल निम्नलिखित बायोमास से उत्पादित एथेनॉल है:

1. **शर्करा युक्त सामग्री:** गन्ना, चुकंदर, मीठी ज्वार (Sweet sorghum) आदि।
2. **स्टार्च युक्त सामग्री:** मक्का, कसावा, सड़े हुए आलू, कृषि खाद्य/ लुगदी उद्योग आधारित अपशिष्ट, शैवाल आदि।
3. **सेल्यूलोज युक्त सामग्री:** गन्ने की खोई, लकड़ी आधारित अपशिष्ट, कृषि और वानिकी अवशेष या अन्य नवीकरणीय संसाधन जैसे औद्योगिक कचरा, सब्जी का कचरा आदि।

- **उपयोग:** बायो-एथेनॉल का उपयोग मुख्य रूप से पेट्रोल के साथ मिश्रण, रसायनों, फार्मास्यूटिकल्स, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और जैव-आधारित सामग्री जैसे बायोप्लास्टिक के उत्पादन में किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र

## चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री ने असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला रखी।



## मुख्य बिन्दु:

- यह एक सिंथेटिक रेजिन है, जो प्रोपाइलीन के पॉलीमराइजेशन से बनता है।
- पॉलीप्रोपाइलीन को मजबूत, लचीलापन, वजन में हल्के और ताप-प्रतिरोधी गुणों वाले कई प्लास्टिक उत्पादों में ढाला जाता है।
- **विशेषताएँ:** यह रासायनिक क्षरण का अत्यधिक प्रतिरोधी होता है, जिससे इसका पैकेजिंग में अधिक उपयोग होता है। इसमें उच्च इन्सुलेशन और वाटरप्रूफ गुण भी होते हैं।
- **मुख्य उपयोग:** इसका उपयोग फाइबर, वस्त्र, पैकेजिंग, पाइप, चिकित्सा उपकरणों, और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के निर्माण में होता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आन्द्रोत (Androth)

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय नौसेना को स्वदेश निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर (ASW) पोत 'आन्द्रोत' सौंपा गया।




## मुख्य बिन्दु:

### आन्द्रोत के बारे में

- यह आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW SWC) में से दूसरा पोत है।
- इसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता द्वारा बनाया गया है।
- इसका नाम आन्द्रोत द्वीप से लिया गया है, जो लक्षद्वीप का हिस्सा है।
- ये पोत डीजल इंजन-वाटर जेट के संयोजन से संचालित होते हैं। यह अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो और स्वदेशी एंटी-सबमरीन वारफेयर रॉकेट्स से भी लैस है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2.0

## चर्चा में क्यों?

- 15 से 16 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली में रबी की फसल के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारियों के क्रम में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2025' पूसा, नई दिल्ली में आयोजित किया गया है।




## मुख्य बिन्दु:

- **राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2025 की अध्यक्षता :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।
- **सम्मेलन की थीम:** 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम'
- इस सम्मेलन में रबी 2025-26 की बुवाई सीज़न से संबंधित तैयारियों, उत्पादन लक्ष्यों और रणनीतियों पर चर्चाएँ की गई।

**सम्मेलन के विषय :**

- जलवायु सहनशीलता, मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित उर्वरक उपयोग।
- गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं कृषि ट्रेसेबिलिटी।
- बागवानी का विविधीकरण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- प्रभावी प्रसार सेवाएँ एवं कृषि विज्ञान केंद्रों (KVKs) की भूमिका।
- केंद्र प्रायोजित योजनाओं का समन्वय।
- प्राकृतिक खेती।
- दलहन एवं तिलहन पर विशेष बल के साथ फसलों का विविधीकरण तथा रबी फसलों के दौरान दलहन एवं तिलहन क्षेत्रफल और उत्पादन में वृद्धि हेतु रणनीतियाँ।
- रबी फसलों के दौरान उर्वरक उपलब्धता की स्थिति।
- एकीकृत कृषि प्रणाली (Integrated Farming Systems)।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान 2.0 :**

- **अवधि :** 3 से 8 अक्टूबर, 2025 (16 दिवसीय)।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान 1. 0:**

आयोजन : 29 मई से 12 जून 2025 तक।

संयोजक : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)।

ध्येय : 'लैब टू लैंड' (Lab to Land) " यानी प्रयोगशाला की तकनीक को खेतों तक पहुंचाना है।

शुरुआत : 29 मई, 2025 को पुरी, ओडिशा से प्रारंभ किया गया।

लक्ष्य : इस अभियान के दौरान 15 दिनों में देश के 700 से अधिक जिलों के 65,000 गांवों में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों तक सीधा संवाद और लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अभियान के तहत् चयनित राज्य : ओडिशा, जम्मू, राजस्थान, गुजरात, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, असम, मेघालय, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़ आदि।**

**मुख्य उद्देश्य :**

- **कृषि ड्रोन का लाइव डेमो।**
- **फसल विविधिकरण एवं मशीन आधारित खेती के मॉडल का प्रदर्शन।**
- **किसानों एवं वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद।**
- **किसान नवाचार का प्रचार।**
- **खरीफ फसल के लिए वैज्ञानिक सलाह।**
- **सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय सम्मेलन कॉर्प-कॉन, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 12 सितम्बर, 2025 को हैदराबाद में नालसार विश्वविद्यालय और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) ने संयुक्त रूप से एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।




## मुख्य बिन्दु:

### कॉर्प-कॉन 2025 का उद्घाटन सत्र :

- विषय : पर्यावरण, समाज और शासन (ESG) और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (IBC)।
- कॉर्पोरेट कानून में ESG से जोड़ने, हितधारक सिद्धांत की प्रासंगिकता, IBC की मध्यस्थता भूमिका और आगामी IBC 3.0 संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की।
- सभा की शुरुआत ICSI के आदर्श वाक्य "सत्यम वद, धर्म चर" के गायन के साथ हुई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य


## स्कारबोरो शोल (Scarborough Shoal)

### चर्चा में क्यों?

- फिलीपींस ने स्कारबोरो शोल पर चीन द्वारा नेचर रिजर्व स्थापित करने के कदम की आलोचना की है।

### मुख्य बिन्दु:

**स्कारबोरो शोल के बारे में**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- स्कारबोरो शोल दक्षिण चीन सागर में एक मूंगा एटोल (प्रवालद्वीप) है। यह फिलीपींस के लूज़ोन द्वीप के पश्चिमी तट से लगभग 220 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।
- **अवस्थिति:** दक्षिण चीन सागर में, फिलीपींस के लूज़ोन से लगभग 220 किमी पश्चिम में।
- **भौगोलिक विवरण:** यह एक त्रिभुजाकार चट्टानों और मूंगा भित्तियों की श्रृंखला है, जिसमें एक आंतरिक लैगून भी है।
- **नाम:** इसे चीन में हुआंगयान द्वीप और फिलीपींस में बाजो डे मासिनलोक या पनाटाग शोल के नाम से भी जाना जाता है।
- चीन और फिलीपींस, दोनों देश इसे अपना हिस्सा मानते हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## ग्रे राइनो परिघटना

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही के एक अध्ययन के अनुसार वायनाड भूस्खलन वास्तव में एक 'ग्रे राइनो परिघटना' थी।

### मुख्य बिन्दु:

**ग्रे राइनो परिघटना क्या है?**

- ग्रे राइनो ऐसी परिघटनाओं को कहते हैं जिनके घटित होने की आशंका अधिक होती है और जिनका असर बहुत व्यापक होता है, फिर भी इन्हें नज़रअंदाज़ किया जाता है।
- ये परिघटनाएं अचानक नहीं घटित होती (जैसे कि ब्लैक स्वान घटित होती हैं) बल्कि इनके बारे में पहले से चेतावनी दी गई होती है।
- वायनाड भूस्खलन उस क्षेत्र में हुआ जिसकी पहले से ही भूस्खलन-प्रवण क्षेत्र के रूप में पहचान की गई थी। हाल के वर्षों में यहाँ बार-बार भूस्खलन भी हुए थे, फिर भी सरकार ने इसे अनदेखा कर दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट : DSC A22 (यार्ड 327)

### चर्चा में क्यों?




- 12 सितंबर, 2025 को टीटागढ़, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में मैसर्स टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL), कोलकाता द्वारा भारतीय नौसेना के लिए निर्मित 05x डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (DSC) परियोजना के तीसरे पोत ' DSC A22' का जलावतरण किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **अनुबंध :** 12 फरवरी, 2021 को 5 डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (DSC) के निर्माण हेतु रक्षा मंत्रालय और मैसर्स टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL), कोलकाता के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।
- **उपयोगी :** इन जहाजों को तटीय जल में गोताखोरी कार्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है और इन्हें अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरणों से सुसज्जित किया गया हैं।
- **डिज़ाइन :** हाइड्रोडायनामिक विश्लेषण/मॉडल परीक्षण नौसेना विज्ञान एवं तकनीकी प्रयोगशाला (NSTL), विशाखापत्तनम।
- इन जहाजों का भारतीय नौवहन रजिस्टर (IRS) के संगत नौसेना नियमों और विनियमों के तहत देश में डिज़ाइन और निर्माण किया गया है।
- **निर्माण :** मैसर्स टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL), कोलकाता
- **विशेषता :** यह कटमरैन पतवार वाले जहाज हैं। इसका विस्थापन लगभग 380 टन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## सुकन्या समृद्धि योजना

### चर्चा में क्यों?

- **13 सितंबर, 2025 को मुरैना में केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ने सुकन्या समृद्धि योजना के विस्तार की घोषणा और प्रधान डाकघर में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) का शिलान्यास किया।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:


### सुकन्या समृद्धि योजना (SSY)

- **शुभारंभ :** 22 जनवरी, 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना के एक भाग के रूप में।
- **उद्देश्य :** शिक्षा और सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए बैंक खाते खोलकर बालिकाओं के भविष्य के लिये वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना था।
- **खाता पात्रता :** कोई भी निवासी भारतीय बालिका तथा जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु तक खाता खोला जा सकता है।(प्रति परिवार अधिकतम दो खाते)
- **जमा और अंशदान :** न्यूनतम प्रारंभिक जमा राशि ₹250 (न्यूनतम जमा) है तथा वार्षिक जमा सीमा ₹1,50,000 (अधिकतम जमा) है।
- **जमा अवधि :** 15 वर्ष तक।
- **खाता परिपक्वता :** सुकन्या समृद्धि खाता, खाता खोलने की तिथि से 21 वर्ष बाद परिपक्व होता है।
- **खाता प्रबंधन :** बालिका के अठारह वर्ष की आयु तक पहुंचने तक खाते का प्रबंधन अभिभावक द्वारा किया जाता है।
- **10 वर्षों में उपलब्धियाँ:** नवंबर, 2024 तक, 4.1 करोड़ से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं, जिससे वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा और बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिये दीर्घकालिक बचत को प्रोत्साहन मिला हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## व्यक्तित्व

### डॉ. भूपेन हजारिका (1926-2011)




**मुख्य बिन्दु:**

- **प्रधानमंत्री ने डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।**
- **उनका जन्म असम में हुआ था। वे "बार्ड ऑफ ब्रह्मपुत्र" और "शुधा कॉन्ठो" के नाम से प्रसिद्ध हैं।**
- **उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण और भारत रत्न से सम्मानित किया गया।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?



- 14 सितंबर, 2025 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर गांधीनगर, गुजरात में, आयोजित हिंदी दिवस समारोह और अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **शुरुआत :** वर्ष 2015-2016 (प्रतिवर्ष)।
- **योगदान :** यह राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों, मंत्रालयों, बैंकों, और उपक्रमों को दिया जाता है।
- **प्रदानकर्त्ता :** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा

**प्राप्तकर्त्ता :**

- **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम) :** सचिव, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग।
- यह पुरस्कार विभाग को लगातार दूसरी बार प्रदान किया गया है।
- **योगदान :** 300 से कम कार्मिक वाले मंत्रालयों/ विभागों की श्रेणी में हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग को दिया गया।
- **राजभाषा ज्योति पत्रिका :** NHPC लिमिटेड की राजभाषा पत्रिका ''राजभाषा ज्योति'' को भारत सरकार के सर्वोच्च राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका) के तहत क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह पुरस्कार NHPC की पत्रिका को तीसरी बार प्रदान किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राष्ट्रीय खनिज विकास निगम :** "सी" क्षेत्र में स्थित उपक्रमों की श्रेणी में प्रदान किया गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड :** इस्पात मंत्रालय के तहत नवरत्न श्रेणी का केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम।
- यह देश का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।
- **स्थापना :** वर्ष 1958
- **मुख्यालय :** हैदराबाद

## राजभाषा विभाग के अधीनस्थ कार्यालय





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## हिंदी पखवाड़ा

### चर्चा में क्यों?

- 14 सितंबर, 2025 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हिंदी दिवस समारोह के आयोजन के साथ ही हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।




### मुख्य बिन्दु:

- **समयावधि :** 14 सितंबर, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक आयोजन।
- **औपचारिक उद्घाटन :** संयुक्त सचिव शेरशा सी. शेख मोहिद्दीन द्वारा।
- **राजभाषा चल शील्ड योजना :** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने वाले प्रभागों/अनुभागों के साथ-साथ अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों के लिए विगत कई वर्षों से राजभाषा चल शील्ड योजना शुरू की गयी है। इस वर्ष भी यह योजना मंत्रालय के प्रभागों/अनुभागों के साथ-साथ अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों के लिए लागू है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राजभाषा चल शील्ड पुरस्कार :** राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने वाले प्रभागों/अनुभागों/अधीनस्थ कार्यालयों को राजभाषा चल शील्ड से पुरस्कृत किया जाएगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**राष्ट्रीय हिंदी दिवस : 14 सितंबर**

- **कारण :** 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में अपनाया।
- **शुरुआत :** 14 सितंबर, 1953
- **वर्ष 2025 की थीम :** "हिंदी: राष्ट्रीय एकता और वैश्विक पहचान की ताकत"।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार, केंद्र सरकार का कार्य हिंदी में (देवनागरी लिपि में) किया जाएगा।
- अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के बाद हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है।
- हिंदी भाषा नेपाल, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, दक्षिण अफ्रीका और यूएई जैसे देशों में भी बोली और समझी जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 2025




### मुख्य बिन्दु:

- जैस्मिन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा ने हाल ही में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीते हैं।
- यह यूनाइटेड किंगडम के लिवरपूल में आयोजित हुई।
- पहली बार पुरुष और महिला, दोनों वर्गों की प्रतिस्पर्धाएं एक साथ आयोजित की गईं।
- **भारत ने कुल चार पदक जीते:** जैस्मिन लंबोरिया (57 किलोग्राम वर्ग) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किलोग्राम) ने स्वर्ण पदक तथा नूपुर श्योराण ने रजत पदक और पूजा रानी ने कांस्य पदक जीते।
- कज़ाख़िस्तान पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# FIDE महिला ग्रैंड स्विस चेस टूर्नामेंट, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 15 सितंबर, 2025 को भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने लगातार दूसरी बार FIDE महिला ग्रैंड स्विस चेस टूर्नामेंट का खिताब जीत (स्वर्ण पदक) लिया है। इसके साथ ही उन्होंने FIDE महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** समरकंद (उज़्बेकिस्तान)।
- **आयोजक :** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) और उज़्बेकिस्तान शतरंज संघ।
- **महिला वर्ग विजेता :** महिलाओं के वर्ग में, 8/11 को, वैशाली रमेशबाबू और लग्नो कतेरीना ने संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया और दोनों ने कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन वैशाली टाईब्रेक में शीर्ष स्थान पर रहीं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **वैशाली रमेशबाबू ने हराया :** वैशाली रमेशबाबू ने 11वें और अंतिम राउंड में चीन की टैन झोंगई के खिलाफ अपना मुकाबला ड्रॉ कराया, जिससे उनके 8 पॉइंट्स हो गए।
- **पदक विजेता :** वैशाली रमेशबाबू (स्वर्ण पदक), लग्नो कतेरीना (रजत पदक), अस्सौबायेवा बिबिसारा (कांस्य पदक), टैन झोंग्यी (चीनी ग्रैंडमास्टर)।
- **Note:** दिव्या देशमुख और कोनेरू हंपी पिछले महिला विश्व कप में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर रहने के बाद आर वैशाली इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली तीसरी भारतीय हैं।
- जून, 2025 में दिव्या और कोनेरू ने जॉर्जिया में हुए FIDE महिला वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट हासिल किया। फाइनल में दिव्या ने कोनेरू को हराकर वर्ल्ड कप टाइटल अपने नाम किया है। वह वर्ल्ड कप जीतने वाली सबसे युवा महिला चेस खिलाड़ी हैं।
- **कैटरीना लागनो :** रूस की ग्रैंडमास्टर कैटरीना लागनो ने अजरबेजान की उल्विया फतालियेवा के साथ ड्रॉ खेलकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और संभावित 11 में से आठ अंक हासिल करके वैशाली के अलावा कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी खिलाड़ी बनीं।
- **ओपन टूर्नामेंट विजेता :** 8.5/11 के स्कोर के साथ, अनीश गिरी ने फाइनल राउंड में हंस नीमन को हराकर ओपन टूर्नामेंट जीत लिया तथा मैथियास ब्लूबाम, अलीरेज़ा फ़िरोज़ा और विंसेंट कीमर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **बेहतर टाईब्रेक की बदौलत, ब्लूबाम ने 2026 कैंडिडेट्स के लिए दूसरा क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **वैशाली ने 2023 में आइल ऑफ मैन में भी यह टूर्नामेंट जीता था।**

**अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) :**

- स्थापना : वर्ष 1924 (पेरिस)
- मुख्यालय : लुसाने
- मान्यता : वर्ष 1999 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा एक वैश्विक खेल संगठन के रूप में।
- आदर्श वाक्य : "जेन्स उना सुमस" (लैटिन में जिसका अर्थ है " हम एक परिवार हैं")।